छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,कानपुर
CHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Kanpur University, Kanpur)
Kalyanpur, Kanpur-208024
कल्यानपुर कानपुर–208024

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि. / COE / 3144 / 2022 दिनांक : 18 / 08 /2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बन्धित सम्बद्व महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,
कानपुर।

विषय : एन0ई0पी0– 2020 के अन्तर्गत प्रायोगिक / मौखिकी / डिजर्टेशन की परीक्षा के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया विश्वविद्यालय के पत्रांक सी.एस.जे.एम.वि.वि. / COE / 3097 / 2022 दिनांक 25.07.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से विश्वविद्यालय से सम्बद्व महाविद्यालयों में एन0ई0पी0– 2020 के अन्तर्गत समस्त विषयों की प्रायोगिक / मौखिकी / डिर्जेटेशन परीक्षा महाविद्यालय अपने स्तर से सम्पादित करा कर उनके अंक एवं अन्तिरक मूल्याकंन के अंक दिनांक 25.07.2022 से दिनांक 05.08.2022 तक सब्मिट करने के आदेश निर्गत किये गये थे।

उक्त के सम्बन्ध में आदेशानुसार अन्तिम अवसर प्रदान करते हुये एन0ई0पी0–2020 के अन्तर्गत समस्त विषयों की प्रायोगिक / मौखिकी / डिर्जेटेशन परीक्षाओं के अंक एवं अन्तिरक मूल्याकंन के अंक सब्मिट करने की तिथि दिनांक 23.08.2022 तक विस्तरित की जाती है एवं दिनांक 23.08.2022 सायं– 05:00 बजे तक जिन महाविद्यालयों द्वारा ऑनलाइन अंक सब्मिट नहीं किये जायेंगे ऐसे महाविद्यालयों के छात्र / छात्राओं को न्यूनतम अंक प्रदान करके उनका अन्तिम परीक्षा फल घोषित कर दिया जायेगा।

भवदीय

(डॉ. अंजनी कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. प्राचार्य / प्राचार्या, को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना से अवगत होते हुए सम्बन्धित छात्र / छात्राओं को अपने स्तर से अवगत कराने का कष्ट करें।
2. प्रभारी, पी0एम0यू0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना से अवगत होते हुए आवश्यक कार्यवाही करने तथा विश्वविद्यालय के होम पेज पर अपलोड कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी को सूचनार्थ प्रेषित।
4. वैय0 सहायक, कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक।

(डॉ0 सरस कपूर)
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)